# मोरे मन में बसो श्रीराम यही तेरा मन्दिरवा

जिनके चरणों में सारा जहान,
उन्हें मेरा वन्दनवा,
मोरे मन में बसो श्रीराम,
यही तेरा मन्दिरवा।bd।

---

राम जन्म के कई है कारण,
हम नादां क्या गायें,
सुने जो मनसे नर अरु नारी,
जीवन धन्य बनाये,
कहे तुलसीजी बारम्बार,
लगालो अब मनवा,
मोरे मन मे बसो श्रीराम,
यही तेरा मन्दिरवा।bd।

---

विश्व मोहिनी नही मिली तब,
नारद श्रापित कीन्हो,
मनु शतरूपा ने श्रीहरि से,
पुत्र वचन लै लीन्हो,
लंका जन्मेंगे भानुप्रताप,
बनेंगे रावनवा,
मोरे मन मे बसो श्रीराम,
यही तेरा मन्दिरवा।bd।

---

नगर अयोध्या में दशरथ हैं,
कौशल्या महारानी,
गुरु सन विनय करी राजा ने,
सुतबिन गई जवानी,
ऋषि श्रृंगी करेंगे उपाय,
चहक उठे आँगनवा,
मोरे मन मे बसो श्रीराम,
यही तेरा मन्दिरवा।bd।

---

अवध अवतरेउ सब के स्वामी,
सन्तन के हितकारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उनकी हर इक लीला पे,
हम जाएं बलिहारी,
पितु मात मगन होइ जाएं,
करें जो नन्दनवा,
मोरे मन मे बसो श्रीराम,
यही तेरा मन्दिरवा।bd।

---

जिनके चरणों में सारा जहान,
उन्हें मेरा वन्दनवा,
मोरे मन में बसो श्रीराम,
यही तेरा मन्दिरवा।bd।

**Singer – Shiva & Janhavi**
**Lyrics – Udaybhan Tripathi**
**Music – Ajay Vishwakarma**
**By – Chitrakoot Music Production**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com